## एक नजर में

### विधायक भीमावद की मांग पर सीएम ने दी शाजापुर व मो. बड़ोदिया के किसानों को राहत



**शाजापुर, 14 अक्टूबर.** फसलों को हुए नुकसान के मामले में शाजापुर और मोहन बड़ोदिया के किसानों को भी फसल नुकसानी का मुआवजा मिलेगा. इसके लिए विधायक अरूण भीमावद ने सीएम डॉ. मोहन यादव से चर्चा की ओर किसानों की समस्या से अवगत कराया. जिसके चलते सीएम ने विधायक की बात को गंभीरता से लेते हुए तत्काल किसानों को राहत देने के निर्देश दिए. दरअसल, विधायक अरुण भीमावद ने प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव से भेंट कर शाजापुर विधानसभा की शाजापुर एवं मोहन बड़ोदिया तहसील जहां के किसानों को अल्पवर्षा के कारण हुए फसलों के नुकसान से अवगत कराया. उन्होंने सीएम को बताया कि जब शासन का प्रथम सर्वे हुआ तो दोनो तहसीलों को शामिल नहीं किया गया था. उन्होंने इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बताया कि किसानों को लाभ मिले और उनके नुकसान की भरपाई हो ऐसे कदम तत्काल उठाए जाएं. इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए अपने एसीएस नीरज मंडलोई को बुलाकर नोट कराया तथा तुरंत मुआवजा वाली सूची में दोनों तहसील शाजापुर एवं मोहन बड़ोदिया को जोड़ने के निर्देश जारी किए और दोनों तहसीलों को मुआवजा राशि की लिस्ट में जोड़ा गया. इससे शाजापुर व मोहन बड़ोदिया विधानसभा के सभी किसानों को लाभ होगा. इस दौरान विधायक अरूण भीमावद के साथ पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश पाटीदार, जनपद सदस्य नाथूराम सोंती, भाजपा के वरिष्ठ किसान नेता प्रेमनारायण पाटीदार चोसला भी उपस्थित थे. विधायक द्वारा किसानों की समस्या को लेकर की गई त्वरित कार्रवाई पर किसानों ने विधायक अरूण भीमावद का आभार व्यक्त किया है.

### स्पीड ब्रेकर व मान्यता को लेकर विद्यार्थी परिषद ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**बड़ौद, 14 अक्टूबर.** स्पीड ब्रेकर व मान्यता को लेकर विद्यार्थी परिषद ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि नगर के तीन शासकीय विद्यालय के सामने स्टेट हाईवे है विद्यालयों के सामने वाहनों की तेज रफ्तार के कारण छात्र छात्राओं की सुरक्षा खतरे में पड़ी हुई है. रोजाना विद्यालय आनेजाने के समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर बनवाए जाए. साथ ही निजी विद्यालयों की मान्यता की अनदेखी का मुद्दा भी उठाया गया. छात्रों ने बताया कि विभाग द्वारा कई निजी विद्यालय की मान्यता में लापरवाही बरती गई है जो क्षेत्र मे संचालित हो रहे हैं, जिनमें न तो पर्याप्त कक्षाएं हैं न ही खेल मैदान या सुरक्षा प्रावधान. उन्होंने ऐसे विद्यालयों के लिए समिति बनाकर 10 दिनों मे जांच कर कार्रवाई की मांग की. ज्ञापन मे विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष सुरेश सिंह प्रतिहार, नगर मंत्री महेश जाटव, पंकज व्यास, विजय परिहार ,गजेंद्र सिंह, गणेश गिर, विशाल सिंह, विजयपाल सिंह, बने सिंह आदि छात्र व विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे .प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है.

### हाईवे पर कार ने मारी बुजुर्ग को टक्कर

**शाजापुर, 14 अक्टूबर.** जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर आगरा मुंबई नेशनल हाईवे 52 पर एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए. यह घटना एकता होटल के समीप दोपहर करीब 3 .30 बजे हुई, जब एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी. सूचना मिलने पर उज्जैन जिले के तराना थाने में तैनात डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल पुलिस चौकी पर पदस्थ एसआई बाबूलाल डाबी ने बताया कि घायल की पहचान उज्जैन जिले के जूना पानीखेड़ा गांव निवासी कैलाश के रूप में हुई है. कैलाश फिलहाल बोलने की स्थिति में नहीं हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह कहां से कहां जा रहे थे. पुलिस द्वारा उनके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है. घायल का शाजापुर जिला अस्पताल में उपचार जारी है. हादसे के संबंध में आगे की जानकारी घायल के बयान के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी.

### सिटी में 16 को होगा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

शुजालपुर, 14 अक्टूबर. कांग्रेस द्वारा देश भर में चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान के तहत 16 अक्टूबर गुरूवार को शाम 4 बजे शुजालपुर क्षेत्र में कार्यक्रम होगा. जिसमें मध्यप्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त व शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ एवं युवा नेतागणों, प्रदेश व जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों सहित समस्त कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहेगी. यह अभियान शहर में ब्लॉक कांग्रेस शुजालपुर एवं शहर कांग्रेस शुजालपुर द्वारा आयोजित किया जाएगा. इस अभियान में जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड एवं शहर अध्यक्ष रईस पठान ने समस्त कांग्रेसजनों से शामिल होने की अपील की.

### विद्यार्थी हुए लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया से रूबरू



**शाजापुर, 14 अक्टूबर.** सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर में देश अपना, फाउंडेशन के अंतर्गत एक्टिजन क्लब का गठन चुनाव प्रक्रिया से किया गया. छात्र लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया को समझ सके, इस उद्देश्य से व्यवस्थित तरीके से चुनाव कराए गए. कक्षा 9 वीं के छात्रों ने अपने कक्षा प्रतिनिधियों के चुनाव में वोट डाले. सभी विद्यार्थियों ने चुनाव प्रक्रिया में बढ़कर कर भाग लिया. संस्था के प्राचार्य श्रीमती सविता सोनी ने बताया कि इस चुनाव प्रक्रिया से छात्र लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया को समझ पाएंगे और अच्छे नागरिक बन पाएंगे. देश अपना फाउंडेशन के प्रभारी श्रीमती मनीषा शर्मा और धनसिंह चौहान एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ की देखरेख में विद्यालय में चुनाव संपन्न कराए गए. कक्षा 9वी से आयुष गहलोत, कक्षा 9वी बी से यशराज चौरसिया, कक्षा 9वीं सी से अपील सोंती, कक्षा 9वीं डी से पीयूष गोरसिया निर्वाचित हुए, शाम 5 बजे तक कक्षा 9वीं ई की चुनाव प्रक्रिया जारी थी. आनंदीलाल मकवाना, जागेश सोनी, अंबाराम राजोरिया, जितेंद्र भावसार, सुनील मंडलोई, कुलदीप करण, विनीता विश्वकर्मा, विद्या दोगाया, पूनम ओझा, राहुल जाखड़, फमीदा कुरैशी, गोविंद सोनी, शाकिर मंसूरी, आलोक भावसार, निकिता शर्मा, मनीष साहू, भावना वर्मा, प्रियंका सेठिया, राजेंद्र मेहर आदि शिक्षकों के निर्देशन में चुनाव संपन्न हुए.

# पुष्य नक्षत्र से शुरू हुई बाजार में खरीदी, अब बाजार रहेगा गुलजार

## शाम को बढ़ी रौनक, खूब हुई बहीखातों की बिक्री

**शाजापुर, 14 अक्टूबर. दीपोत्सव को लेकर दुकानों की सजावट और माता लक्ष्मी के आगमन की तैयारियों में जुटे व्यापारियों के लिए पुष्य नक्षत्र का दिन शुभ रहा. इस दिन लोगों ने नए वाहनों के साथ वाहनों की खरीदी की और मंदिरों में ईश्वर का आशीर्वाद लेकर इन वाहनों की पूजा की.**



दरअसल, शहर के व्यापारियों को उम्मीद थी कि पुष्य नक्षत्र से बाजार में रौनक आ जाएगी. इसके लिए व्यापारियों ने पहले से ही तैयारी भी करके रखी हुई थी. दिन में तो व्यापारी ग्राहक का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम होते ही बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ गई और आशानुरूप लोगों ने खरीदी की. सभी को दीपावली पर्व से खासी उम्मीदें है. इसके पहले पुष्य नक्षत्र पर व्यापारियों ने ग्राहकों के लिए तैयारी कर रखी थी. इस दिन बाजार में लोग ग्राहकी के लिए आए. जिससे बाजार में चहल पहल बढ़ी. हालांकि व्यापारियों को अभीभी अच्छी ग्राहकी का इंतजार है. मंगलवार को पुष्य नक्षत्र में भी लोगों ने बाजार में उपस्थिति दर्ज कराई और इस दिन अच्छा व्यापार हुआ. लोगों ने भूमि भवन के सौदे और ऑटोमोबाइल सेक्टर में मुख्य रूप से बूम रही. जिलेभर में सैकड़ों वाहनों की बिक्री हुई. इससे करोड़ों रुपए का कारोबार हुआ तो चार पहिया वाहनों के प्रति भी लोगों ने रूचि दिखाई. जिससे इस क्षेत्र में अच्छा व्यापार हुआ. इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा, बर्तन, किराना में भी अच्छा व्यवसाय हुआ. व्यापारियों का मानना है कि अभी तो ग्राहकी कमजोर रही, लेकिन धनतेरस से बाजार में बूम आ जाएगा.

### विशेष संयोग में आया पुष्य नक्षत्र, आज भी बाजार में रहेगी रौनक...

पं. राजेंद्र प्रकाश व्यास शाजापुर ने बताया कि कुल 27 नक्षत्र होते हैं, जिसमें पुष्य का स्थान 8वां होता है और इसे नक्षत्रों का राजा भी कहा जाता है. इस बार मंगलवार के साथ बुधवार को भी पुष्यनक्षत्र रहेगा जिसे मंगल व बुध पुष्य भी कहा जाता है. जो मंगलवार को 11 .54 से शुरू होकर बुधवार को दोपहर 12 बजे तक रहेगा. उन्होंने बताया कि पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई कोई भी वस्तु शुभ होती है जो व्यक्ति के धन संपदा में वृद्धि करती है. इस दिन किसी नए काम की शुरूआत या व्यापार की शुरूआत करना भी शुभ होता है.

### बही खातों की जमकर हुई खरीदारी...

व्यापारी वर्ष भर हिसाब किताब लिखने के लिए बहिखातों की खरीदी भी पुष्य नक्षत्र पर विशेष मुहूर्त में करतें हैं. ऐसे में पुष्य नक्षत्र पर अनेक व्यापारियों ने बहिखातों की खरीदी की. इस दौरान बहीखाता के विक्रेताओं द्वारा ग्राहकों को प्रतिष्ठान के अंदर बैठने की व्यवस्था की गई. वहीं पूजन सामग्री भी रखी गई. जिससे व्यापारियों ने शुभ मुहूर्त में बहीखातों की खरीदारी करके विधिवत पूजन के बाद उन्हें उठाया और अपने साथ ले गए.

#### मंदिर में हुई नए वाहनों की पूजा

रवि पुष्य नक्षत्र होने से बाजार गुलजार रहा, इस दिन लोगों ने शुभ मुहूर्त में बहीखाते, जेवरात और वाहन खरीदे और वाहन लेकर वे सीधे मां राजराजेश्वरी मंदिर पहुंचे जहां विधि विधान से पूजन के बाद वाहन मालिकों ने अपने वाहनों का उपयोग किया. पं. अनिल नागर ने बताया कि पुष्य नक्षत्र के देवता बृहस्पति और स्वामी शनि हैं. पुष्य नक्षत्र का दिवाली से पहले आगमन बेहद बहुत शुभ माना जाता है. इसमें किए गए कार्य शुभंकर होते हैं. यहां भी कई लोग अपने नए वाहन लेकर आए हैं जिनका पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की गई.

### सड़क हादसे में युवक घायल

**शाजापुर, 14 अक्टूबर.** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर लगभग 12.30 बजे ओंकारेश्वर मंदिर के पास एक सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं बाइक चालक मौके से फरार हो गया. वारसी कालोनी निवासी यासीक अपने काम से टंकी चौराहा आधार कार्ड लेने जा रहा था, इसी दौरान पीछे से आ रही एक बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर से यासीक सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं. घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और राहगीरों ने घायल युवक को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया. वहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया. अस्पताल पुलिस चौकी पर तैनात प्रधान आरक्षक पदम सिंह ने बताया कि घायल की पहचान यासीक के रूप में हुई है. अपने बयान में यासीक ने बताया कि दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया.

### पोषण माह के तहत गोदभराई कार्यक्रम हुआ




**शुजालपुर, 14 अक्टूबर. पोषण माह के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र अकलपुर बिन्नी में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देलमिया, सहायिका रेशम मालवीय तथा प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में शिक्षिका द्वारा उपस्थित महिलाओं को कुपोषण एवं एनीमिया के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई. उन्होंने बताया कि कुपोषण और एनीमिया हमारे शरीर में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी के कारण होते हैं, जिनसे कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं. उन्होंने घरेलू शुद्ध भोजन के सेवन पर बल देते हुए कहा कि बाजार के खाद्य पदार्थों से अनेक बीमारियां फैलती हैं, अत: हमें घर का बना ताजा भोजन ही करना चाहिए. कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने बताया कि यदि हम बीमारियों को जड़ से समाप्त करना चाहते हैं तो बच्चों के खानपान और पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि वही हमारे देश का भविष्य हैं.

### छात्रों ने प्रतियोगिता में दिखाई अपनी कला

#### दो दिवसीय युवा उत्सव का समापन हुआ



**शुजालपुर, 14 अक्टूबर. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा, आईक्यूऐसी के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय युवा उत्सव का मंगलवार को समापन हुआ.**

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, आईक्यूऐसी कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके त्यागी, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. राजरानी खुराना एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे. साहित्यिक गतिविधियों में प्रश्न मंच, वाद विवाद, वक्रता कला, स्पॉट पेंटिंग, रंगोली क्लेमॉडलिंग का आयोजन किया किया गया. वक्रता कला में प्रीति सिंह राठौड़ एलएलबी प्रथम वर्ष, वाद विवाद प्रतियोगिता पक्ष में देवकीनंदन यादव एलएलबी तृतीय वर्ष प्रथम स्थान एवं विपक्ष में राधिका राठौर बीए प्रथम वर्ष प्रतियोगिता में द्वितीय रहे. प्रश्न मंच में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिसमें टीम देवकीनंदन यादव, रवि पठारिया, गोलू धनगर की टीम प्रथम रही. इसी प्रकार स्पॉट पेंटिंग में निसर्ग गायकवाड बीबीए द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, सैयद निशान अली बीएससी द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर रहे तथा रंगोली, कोलाज एवं क्ले मॉडलिंग में निसर्ग गायकवाड बीबीए द्वितीय वर्ष प्रथम रहे. युवा उत्सव प्रभारी डॉ. राजरानी खुराना ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न विधाओं में प्रथम आए सभी विद्यार्थी अब जिला स्तर पर प्रतिभागी के रूप में भाग लेंगे.

### पोषण माह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन




**शाजापुर, 14 अक्टूबर. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शाजापुर जिले में पोषण माह घर में पकायेंगे, घर का खाएंगे एवं अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है.**

पोषण माह के तारतम्य में संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल द्वारा जिले में आयोजित पोषण माह की गतिविधियों का अवलोकन उपसंचालक राधा सोलंकी द्वारा किया गया. अवलोकन के दौरान सोलंकी द्वारा कालापीपल के आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया व गतिविधियों का अवलोकन किया गया. इस दौरान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कालापीपल की जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया. जिसमें सोलंकी ने बच्चों को स्थानीय खाद्य पदार्थ के महत्व के बारे बताया एवं बताया की बाहर के खाद्य पदार्थ जैसे बिस्किट, मैगी, नूडल्स आदि नहीं लेना चाहिए. जिससे कई प्रकार की बीमारी होती है और बच्चों का विकास भी प्रभावित होता है. सभी को शरीर के लिए जरूरत अनुसार मात्रात्मक प्रोटीन, विटामिन लेना चाहिए और मौसमी फलों, सब्जियों का सेवन करना चाहिए.

इस अवसर पर उन्होंने शाजापुर जिले द्वारा पोषण माह के दौरान किए जा रहे नवाचार घर में पकाएंगे, घर का खाएंगे की सराहना भी की और बच्चों को शपथ दिलवाई.

इस अवसर पर सहायक संचालक सुश्री नीलम चौहान ने बच्चों को बाल कानूनों, पॉस्को ई बॉक्स, वन स्टॉप सेन्टर, बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी. देवेन्द्र गोठी द्वारा बच्चों को बाल अधिकारों की जानकारी दी एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई.

विद्यालय प्राचार्या रेखा त्रिपाठी द्वारा बच्चों को मौसमी फलों के बारे में विस्तार से बताया. इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक सरिता वागड़े, ममता मानावत, ज्योति बामनिया, ब्लॉक समन्वयक पोषण सुरेन्द्र मेवाड़ा, भावसिंह मेवाड़ा, ज्योति मंडलोई, किरण परमार उपस्थित थी. कार्यक्रम का संचालन आनंद नागर ने किया एवं आभार ज्योति बिठौरे ने माना.



### अतिथि शिक्षकों को तीन माह से नहीं मिला वेतन, दिया ज्ञापन



**मोहन बड़ोदिया, 14 अक्टूबर. अतिथि शिक्षकों ने मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब नारेबाजी करते हुए मोहन बड़ोदिया बीईओ के नाम बाबू को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में बताया कि मोहन बड़ोदिया ब्लाक अंतर्गत कार्यरत समस्त अतिथि शिक्षकों को विगत तीन माह से वेतन दिनांक 14 अक्टूबर तक प्राप्त नहीं हुआ, इसको लेकर अतिथि शिक्षकों ने मोहन बड़ोदिया विकासखंड बीईओ के नाम बाबू को ज्ञापन सौंपकर नारेबाजी की.**

अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि मोहन बड़ोदिया विकासखंड के अतिथि शिक्षकों को ही वेतन नहीं दिया गया. इससे हमारी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है, अतिथियों ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि 15 अक्टूबर की शाम तक उनका वेतन नहीं डाला गया तो 16 अक्टूबर से उग्र आंदोलन करेंगेए इस दौरान 25 से 30 अतिथि शिक्षक मौजूद रहे.

## एक नजर में

### मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हुआ आयोजन

## मैदानी स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न

**बडौद, 14 अक्टूबर. मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाने के उद्देश्य से मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक पुलैया के निर्देशन में तथा न्यूट्रिशन इंटरनेशनल के सहयोग से मैदानी स्तर पर पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ एवं एएनएम के लिए अर्द्ध दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 13 अक्टूबर सोमवार को सीएचसी बडौद में किया गया.**



कार्यक्रम की शुरुआत में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न सेवाओं की समीक्षा की गई. प्रशिक्षण सत्र में न्यूट्रिशन इंटरनेशनल के संभागीय सलाहकार आशीष पुरोहित ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का प्रथम तिमाही में शीघ्र पंजीयन अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने बताया कि सभी गर्भवती एवं धात्री माताओं को आयरन और कैल्शियम की टैबलेट नियमित रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर इन आवश्यक औषधियों की सतत उपलब्धता सुनिश्चित रहनी चाहिए. सत्र के दौरान रिपोर्टिंग प्रणाली की उपस्वास्थ्य केंद्रवार समीक्षा की गई. जिसमें रिपोर्ट में पाई जा रही विसंगतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. साथ ही एमसीपी कार्ड के सही उपयोग एवं अद्यतन रखने की प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन दिया गया. सब सेंटर पर सीएचओ को आयरन सुक्रोज के प्रयोग, उसकी डोजिंग एवं एफसीएम इंजेक्शन के उपयोग से संबंधित तकनीकी जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गई.

#### गुणवत्तापूर्ण सेवा प्राप्त हो

प्रशिक्षण में यह भी सुनिश्चित किया गया कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दौरान सत्र स्थल पर सभी आवश्यक जांच उपकरण एवं सामग्री की उपलब्धता अनिवार्य रूप से हो, ताकि माताओं और शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त हों. कार्यक्रम में बीईई बीपीएमए मलेरिया निरीक्षक सहित विकासखंड की सभी सीएचओ और एएनएमए आशा सुपर वाइजर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

### अतिथि शिक्षकों ने वेतन न मिलने पर दिया ज्ञापन

**शाजापुर, 14 अक्टूबर.** जिले के मोहन बड़ोदिया विकासखंड में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने तीन माह से वेतन न मिलने के विरोध में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे बीईओ आयुषी के नाम एक ज्ञापन दिया. यह ज्ञापन बीईओ कार्यालय में पदस्थ बाबू काशी लाल भिलाला को दिया गया. अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि मोहन बड़ोदिया ब्लॉक के सभी अतिथि शिक्षकों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है. इससे आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है. शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि बुधवार शाम तक शिक्षकों के खातों में वेतन जमा नहीं किया गया तो गुरुवार से सभी शिक्षक उग्र आंदोलन शुरू करेंगे. उन्होंने कहा कि आंदोलन की शुरुआत शांतिपूर्ण होगी, जिसे व्यापक रूप दिया जाएगा.